राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्णिया विश्वविद्यालय की 'वेबसाईट' एवं 'लोगो' को लोकार्पित किया

पटना, 28 सितम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने आज राजभवन सभागार में नवस्थापित पूर्णिया विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं 'लोगो' को लोकार्पित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री टंडन ने नवस्थापित पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति एवं समस्त विश्वविद्यालय–परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह नया विश्वविद्यालय बिहार के सीमांचल क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्यपाल ने कहा कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के प्रतीक ('लोगो') में उद्धृत सूक्ति –''**ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः**''–अत्यन्त प्रेरणादायी है। इसका संदेश है कि ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नहीं। राज्यपाल ने कहा कि यह प्रतीक–चिह्न शिक्षा के व्यापक उद्देश्य और आंचलिक संस्कृति व संस्कारों को भी प्रतीकित करनेवाला है। प्रतीक चिह्न में व्यवहृत 'पुरैनी का पत्ता' तथा 'मछली' का सांस्कृतिक, सामाजिक एवं प्राकृतिक महत्त्व है। साहित्य में भी 'मछली' 'जिजीविषा' का प्रतीक मानी गई है।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का वेबसाईट भी अत्यन्त उपयोगी, ज्ञानवर्द्धक तथा तकनीकी तौर पर अत्यंत विकसित है।

राज्यपाल ने 'वेबसाईट' एवं 'लोगो' के 'लॉचिंग' के अवसर पर कुलपति सहित समस्त विश्वविद्यालय–परिवार को अपनी शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो॰ राजेश सिंह ने महामहिम राज्यपाल को विश्वविद्यालय की लोकार्पित वेबसाईट –''www.purneauniversity.ac.in'' की विशेषताओं से अवगत कराया तथा प्रतीक चिह्न के वैशिष्ट्य के बारे में भी बताया।

उक्त कार्यक्रम में पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ राजेश सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव, श्री विवेक कुमार सिंह, अपर सचिव श्री विजय कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) श्री पी॰सी॰ चौधरी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल प्रमोद कुमार सहित राज्यपाल सचिवालय के अन्य वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

....